भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 6045
बुधवार, 01 अप्रैल, 2026 को उत्तर देने के लिए

छात्रों में अतंरिक्ष विज्ञान संबंधी रुचि का विकास

6045. श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या "युवा विज्ञानी कार्यक्रम" (युविका) का आयोजन छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर के छात्रों के लिए चयन प्रक्रिया क्या है और उक्त कार्यक्रम से अब तक कितने छात्र लाभान्वित हुए हैं; और

(ग) क्या सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को ज्यादा अवसर प्रदान करने के लिए कोई विशेष प्रावधान किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

****

(क) जी हां, "युवा विज्ञानी कार्यक्रम" (युविका) छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

(ख) युविका कार्यक्रम भारतीय विद्यालय के नौवीं कक्षा में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के लिए आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें इसे करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। चयन प्रक्रिया में प्रत्यय-पत्रों क्रेडेंशियल्श की ऑनलाइन जांच और ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से मूल्यांकन शामिल है। प्रत्यय-पत्रों के सत्यापन के बाद अंतिम चयन ऑनलाइन किया जाता है। युविका कार्यक्रम से अब तक 1320 छात्र लाभान्वित हुए हैं।

(ग) जी हां, ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को 15% आरक्षण प्रदान किया जाता है।

****